Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding tie up with two nursing Home under ESIC and open an ESIC Branch in Jangipur Constituency.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): सर, हमारे जंगीपुर लोक सभा क्षेत्र में श्रमिक कर्मचारियों की कुछ समस्याएं हैं, जिनके समाधान के लिए मैं आपके माध्यम से विभागीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं ।

सर, हमारे जंगीपुर लोक सभा महकमा में दो पावर प्लांट्स, दो सीमेंट फैक्ट्रीज़ और 50 से अधिक बीड़ी फैक्ट्रीज़ हैं । इनमें जो श्रमिक और कर्मचारी काम करते हैं, उन्हें देखते हुए हमारी केन्द्रीय सरकार ने मार्च, 2017 में वहां ई.एस.आई.सी. को चालू किया । उसमें इस फैक्ट्री के जितने कर्मचारी हैं, उनके 20,000 से अधिक एनरॉलमेंट्स हैं । इसके अलावा, उनके फैमिली मेम्बर्स की संख्या 60,000 से ऊपर है । लेकिन, दु:ख की बात यह है कि हमारे जंगीपुर क्षेत्र में सिर्फ एक ही नर्सिंग होम के साथ उनका टाई-अप हुआ है, जहां मेडिकल सुविधा बहुत नेग्लीजिबल है ।

हम सदन के माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध करते हैं कि कम से कम दो और नर्सिंग होम्स के साथ टाई-अप किया जाए । इसके साथ-साथ हमारे जिले में ई.एस.आई.सी. का कोई ब्रांच ऑफिस नहीं है या कोई सब-डिवीजन ऑफिस नहीं है । इसकी जल्द से जल्द व्यवस्था कराई जाए ताकि श्रमिकों और मजदूरों को सुविधा हो सके ।